दिन– मंगलवार दिनांक– 26 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

आज संविधान दिवस मनाया जा रहा है। आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ उनचास में संविधान को अंगीकार किया गया था और यह छब्बीस जनवरी उन्नीस सौ पचास को लागू हुआ था। सरकार ने इस अवसर पर आज से एक वर्ष तक चलने वाले समारोह की शुरूआत की है। ये समारोह छब्बीस नवम्बर, दो हजार पच्चीस तक देशभर में आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर दिल्ली में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और दिल्ली स्थित दूतावासों के प्रमुख भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति ने संविधान दिवस पर एक स्मारक सिक्का, डाक टिकट और दो पुस्तकें भी जारी की। इस अवसर पर संविधान का संस्कृत और मैथिली भाषा में भी संस्करण जारी किया गया।

————————————————————

इधर, प्रदेश में भी संविधान दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और लोग संविधान दिवस की प्रस्तावना का पाठ कर शपथ ले रहे हैं। भाजपा की ओर से मुख्य समारोह पार्टी मुख्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने की। इससे पहले पार्टी नेताओं ने पटना हाईकोर्ट के पास स्थित बाबा साहेब भीमराव अम्वेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

————————————————————

बिहार विधानसभा में आरक्षण के मुद्दे को लेकर आज जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्षों के बीच तीखी नोक–झोक भी हुई। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने सदन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग को दिये गये आरक्षण को लेकर सरकार से सवाल पूछे। उनका कहना था कि जातीय आधारित सर्वे के आधार पर पैंसठ प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था। लेकिन पटना

उच्च न्यायालय ने इसे रद्द कर दिया है। श्री यादव ने विधानसभा अध्यक्ष से इस मुद्दे पर सदन की समिति बनाने का अनुरोध किया, ताकि परीक्षार्थियों को आरक्षण का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कानून के रद्द होने के कारण पैंसठ प्रतिशत आरक्षण का लाभ सामाजिक वर्गों को नहीं मिल रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने नए सिरे से कानून बनाने और उसे सदन की मंजूरी देने के लिए सरकार से विधेयक लाने को भी कहा। हालांकि संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि जैसे ही उच्चतम न्यायालय से मामला निष्पादित होगा, सरकार इस पर कदम उठायेगी। इस मुद्दे को लेकर नेता प्रतिपक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बीच तिखी नोक–झोक हुयी। इसके बाद आरक्षण के मुद्दे को लेकर विपक्ष के सदस्यों ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया और शून्य काल के दौरान बाहर निकल गए। इससे पहले विपक्ष के सदस्यों ने कार्यवाही शुरू होने से पूर्व इस मुद्दे को लेकर विरोध–प्रदर्शन किया।

———————————————————

राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व में विपक्ष के सदस्यों ने बिजली के स्मार्ट प्रीप्रेड मीटर के विरोध में विधान परिषद के बाहर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर जन विरोधी हैं। सरकार को इसे वापस लेना चाहिए।

———————————————————

प्रदेश में पैक्स चुनाव के पहले चरण के तहत डेढ हजार से अधिक प्राथमिक कृषि साख समितियों में अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए आज वोट डाले जा रहे हैं। मतदान शांतिपूर्वक चल रहा है। राज्य निर्वाचन प्राधिकार की ओर से उन्नीस हजार आठ पच्चीस मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

———————————————————

श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती के अवसर पर आज राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाया जा रहा है। पटना में कॉम्फेड की ओर से इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कर डॉ. कुरियन को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।